**0104** **A**

Total No. of Questions—16

Total No. of Printed Pages—6 Regd. No.

Part II

# HINDI, Paper - I

**(Second Language)**

*Time : 3 Hours]* *[Max. Marks : 100*

**सूचनाएँ :—** (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है।

**खण्ड 'क'**

**(60 अंक)**

**1.** निम्नलिखित में से किसी **एक** दोहे का भावार्थ लिखिए : 1×6=6

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।
जाके हिरदे सांच है, ता हिरदे गुरु आप॥

**अथवा**

तुलसी काया खेत है, मनसा भयो किसान।
पाप-पुण्य दोउ बीज हैं, बुवै सो लुनै निदान॥

**2.** किसी **एक** कविता का सारांश **पाँच** या **छः** वाक्यों में लिखिए : 1×6=6

(1) समता का संवाद

(2) दान-बल।

**3.** किसी **एक** पाठ का सारांश **पाँच** या **छः** वाक्यों में लिखिए : 1×6=6

(1) शिष्टाचार

(2) अपराजिता।

**4.** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 2×4=8

(1) रवींद्र का लक्ष्य क्या था ?

(2) वनों को नष्ट करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लिखिए।

(3) ध्यानचंद का संक्षिप्त जीवन-परिचय लिखिए।

(4) खडगसिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

5. किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×3=6

(1) भारतमाता का मंदिर यह, समता का संवाद जहाँ।
सबका शिव-कल्याण यहाँ है, पावें सभी प्रसाद यहाँ।

(2) कृष्णचन्द्र की क्रीड़ाओं को अपने आंगन में देखो!
कौशल्या के मातृ-मोद को, अपने ही मन में देखो।
प्रभु ईसा की क्षमाशीलता, नबी मुहम्मद का विश्वास।
जीव-दया जिनवर गौतम की, आओ देखो इसके पास।

(3) प्रथम रश्मि का आना रंगिणि!
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ, कहाँ, हे बाल-विहंगिनि!
पाया तूने वह गाना ?

(4) ऋतु के बाद फलों का रुकना डालों का सड़ना है,
मोह दिखाना देय वस्तु पर आत्मघात करना है।
देते तरु इसलिए कि रेशों में मत कीट समायें,
रहें डालियाँ स्वस्थ और फिर नये-नये फल आयें।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×3=6

(1) मित्र ने कहा, "आजकल मेरा बिल्कुल अनिश्चित है। इसलिए समय तय करना ठीक नहीं होगा। मैं किसी भी दिन आ जाऊँगा।"

(2) मैं कह रहा था कि पूरे प्रांत में मैं ही ऐसा व्यक्ति हूँ जिसने पाठशालाओं में शारीरिक दंड तत्काल बंद करने पर ज़ोर दिया है।

(3) काकद्वय की चोंचों के दो घाव उस लघुप्राण के लिए बहुत थे, अतः वह निश्चेष्ट-सा गमले से चिपटा पड़ा था।

(4) तेलंगाणा यदि शरीर है तो बतुकम्मा उसकी आत्मा। बतुकम्मा के बिना तेलंगाणा राज्य की कल्पना करना असंभव है।

**7.** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 2×3=6

(1) तुलसी के अनुसार विपत्ति के साथी कौन हैं ?

(2) सुमित्रानंदन पंत का कवि-परिचय लिखिए।

(3) माँ के लिए बेटी किसके समान है ?

(4) कबीरदास का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

**8.** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 2×3=6

(1) हरिशंकर परसाई के अनुसार आदमी कितनी तरह के होते हैं ?

(2) गिल्लू किसका नाम है ? उसके बारे में आप क्या जानते हैं ?

(3) 'बतुकम्मा' का अर्थ क्या है और यह त्यौहार कितने दिनों तक मनाया जाता है ?

(4) 'अधिकार का रक्षक' नामक एकांकी के मुख्य पात्र सेठ जी के बारे में संक्षेप में लिखिए।

**9.** **एक** शब्द में उत्तर लिखिए : 5×1=5

(1) तुलसीदास के गुरु कौन थे ?

(2) कबीर की एकमात्र प्रामाणिक रचना का नाम क्या है ?

(3) किसका दिल बेटी को समझ सकता है ?

(4) प्रथम रश्मि कविता में कौन स्वागत गीत गा रहे हैं ?

(5) समता शब्द का अर्थ क्या है ?

**10.** **एक** शब्द में उत्तर लिखिए : 5×1=5

(1) सेठ जी का व्यवहार कैसा है ?

(2) चंद्रा की कार कौन चलाती थीं ?

(3) गिल्लू का प्रिय खाद्य क्या था ?

(4) तेलंगाणा का राज्य पर्व क्या है ?

(5) शिष्टाचार का सबसे पहला गुण क्या है ?

## खण्ड 'ख'
**(40 अंक)**

**11.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 5×1=5

दूसरे दिन छोटू के पापा काम पर चले गए। देखा तो कंट्रोल रूम का वातावरण बदला-बदला सा था। शिफ्ट खत्म कर घर जा रहे स्टाफ के प्रमुख ने टी.वी. स्क्रीन की तरफ इशारा किया। स्क्रीन पर एक बिन्दु झलक रहा था। वह बताने लगा, "यह कोई आसमान का तारा नहीं है, क्योंकि कंप्यूटर से पता चल रहा है कि यह अपनी जगह अडिग नहीं रहा है। पिछले कुछ घंटों के दौरान इसने अपनी जगह बदली है। कंप्यूटर के अनुसार यह हमारी धरती की तरफ बढ़ता चला आ रहा है।"

**प्रश्न :**

(1) किसके पापा काम पर चले गए ?

(2) कहाँ का वातावरण बदला-बदला सा लग रहा था ?

(3) स्टाफ के प्रमुख ने किसकी ओर इशारा किया ?

(4) धरती की ओर क्या बढ़ता चला आ रहा है ?

(5) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ?

**12.** सूचना के अनुसार लिखिए : 8×1=8

(1) किन्हीं **चार** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(*i*) आकाश

(*ii*) एक

(*iii*) कीर्ति

(*iv*) दिन

(*v*) नया

(*vi*) आशा।

(2) किन्हीं **चार** शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :

(*i*) आकाश

(*ii*) पृथ्वी

(*iii*) वायु

(*iv*) जल

(*v*) मनुष्य

(*vi*) माता।

**13.** किन्हीं आठ शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : 8×1=8

(1) भारथ

(2) रवीवार

(3) बालीका

(4) भूक

(5) पेठ

(6) धोका

(7) नारि

(8) पाणी

(9) भूमी

(10) आंधी

(11) दूद

(12) भासा।

**14.** कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 8×1=8

(1) आशा ........................ (ने/का) गीत गाया।

(2) राम ने रावण ........................ (को/से) मारा।

(3) मेज ........................ (में/पर) पुस्तक है।

(4) सोमू ........................ (को/ने) पुस्तक चाहिए।

(5) किसान मिट्टी ........................ (में/पर) बीज बोता है।

(6) मेरा घर दिल्ली ........................ (में/पर) है।

(7) पिता पुत्र ........................ (को/से) समझाता है।

(8) वह बस ........................ (से/में) गिर पड़ा।

**15.** सूचना के अनुसार किन्हीं छः वाक्यों को बदलिए : 6×1=6

(1) <u>मोर</u> सुंदर पक्षी है। (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए।)

(2) दर्जी <u>कपड़े</u> सींता है। (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए।)

(3) कमज़ोर (उपसर्ग लिखिए)

(4) लिखावट (प्रत्यय लिखिए)

(5) वह पढ़ रहा था। (वर्तमान काल में बदलिए)

(6) राम रावण मारा। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

(7) मैं चाय पीते है। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

(8) मैं मेरे गाँव जाऊँगा। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

**16.** किन्हीं **पाँच** वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5×1=5

(1) He reads.

(2) India is a country of villages.

(3) I have a pen.

(4) Don't go home.

(5) Boys went to school.

(6) I went to Delhi by plane.

(7) I do not play football.

(8) This is my own book.